विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 14 को

भीलवाड़ा। भाजपा संगठन द्वारा भीलवाड़ा जिले के 39 मंडलों में तिरंगा झंडा हाथ में लेकर मौन जुलूस निकाला जाएगा। 11 अगस्त 75 वर्ष पूर्व अखंड भारत के दो टुकड़े हुए थे उसको लेकर भारत की वर्तमान और भावी पीढ़ीयों को विभाजन के दौरान आमजन द्वारा सही गई यातना एवं वेदना का स्मरण दिलाने हेतु भारत सरकार द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 14 अगस्त को घोषित किया गया है। भाजपा जिला प्रवक्ता कैलाश सोनी ने बताया कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 14 अगस्त को साय 5.30 बजे भीलवाड़ा जिले के 39 मंडलों में मनाया जाएगा इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली जिला प्रभारी रतन लाल गाडरी ने जिला संयोजक डॉक्टर राजा साध वैष्णव जिला सह संयोजक प्रतिभा माली को नियुक्त किया है।

मंगलेश्वर महादेव का किया श्रृंगार

भीलवाड़ा। श्रावण मास के अंतिम दिन शहर के मंगला चौक में स्थित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में शिव परिवार का क्षेत्र वासियों की ओर से भव्य श्रृंगार किया गया।

भोलेनाथ का किया तिरंगा श्रृंगार

भीलवाड़ा। जिले के सवाईपुर कस्बे के सालरिया मार्ग पर कोठारी नदी किनारे जूना गांव स्थित प्राचीन भोलेनाथ मे गुरूवार को तिरंगे के रंग का श्रृंगार किया गया 7 पुजारी रवि शंकर श्रोत्रिय ने बताया कि जूना गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित भोलेनाथ का आज तिरंगे रंग में सिंगार किया गया। भगवान भोलेनाथ को देश भक्ति के रंग में रंगा गया।

भोले नाथ का बर्फ से किया श्रृंगार

भीलवाड़ा । शहर में स्थित हरणी महादेव मंदिर में ट्रस्ट एवं सेवा समिति की ओर से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर एक टन बर्फ से श्रृंगार किया गया महादेव जाट ने बताया कि आज एक टन बर्फ से भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया इसमें उपस्थित ट्रस्ट अध्यक्ष सुशील दरक गोपाल दरक मुकेश जाट आशुतोष जाट शिवराज गुर्जर अंकित कालिया सूरज आदि मौजूद थे।

Bhilwara Spinners Limited

CIN: L17115 RJ 1980 PLC008217

Regd. Off.: 26, Industrial Area, Bhilwara - 311 001 (Rajasthan)

UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2022 (Rs. in Lacs)

Particulars	Quarter Ended 30.06.2022 Unaudited	Year Ended 31.3.2022 Audited
Total income from Operation (net)	-	268.00
Other Income	18.41	81.36
Exceptional Items	67.90	123.91
Net Profit (+)/Loss(-) from Ordinary Activities	9.27	44.18
Net Profit (+)/Loss(-) after Exceptional income & tax	64.29	140.82
Paid-up equity share capital (Face Value of the Share Rs.10/- per share)	676	676
Reserve excluding Revaluation Reserves as per balance sheet of previous accounting year	-	1757.12
Earning per share from Ordinary Activities	0.14	0.65
Earning per share After Exceptional income & Tax	0.95	2.08

Note:
The above is an extract of the detailed format of financial result for the quarter ended 30th June 2022 filed with the stock Exchange under regulation 33 of SEBI (Listing and other Discloser Requirements) Regulations 2015. The full format of the financial results are available on the stock Exchanges websites www.bseindia.com and Company's website www.bhilspin.com.

By order of the Board
for Bhilwara Spinners Limited
Ashok Kumar Kothari
Director
DIN-00132801

Date : 10th August, 2022
Place : Bhilwara (Rajasthan)

SBI भारतीय स्टेट बैंक, सरवाडा आंचलिक समूह शाखा, तृतीय तल, सैटेलाइट प्लेस, सेक्टर-4, जयपुर रोड, जयपुर (राजस्थान)-302004, ई-मेल: sbi.18184@sbi.co.in, शाखा कोड: 18184 फोन: 0141-2857811, 2857821, 2857826, 2857869

परिशिष्ट–IV-क [नियम 8(2), 8(5), 8(7) का परन्तुक देखें]

चल व अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(2), 8(5), 8(7) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन चल व अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्यभूति– मैसर्स आनन्दिका रिसोर्स्ज़प्रा, प्रो. श्रीमती शारदा शर्मा पत्नी श्री शिवकुमार शर्मा ऋणी/जमानती श्री शिव कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री राम प्रसाद शर्मा जो मय नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल व अचल आस्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का वास्तविक कब्जा भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को "जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है" तथा "दायित्व रहित" के आधार पर दिनांक 29.08.2022 को नीलाम किया जाएगा। प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि रू. 8,44,79,647.00 अक्षरे आठ करोड़ चवालीस लाख उनचासठी हजार छह सौ सैंतालिस रुपये मात्र (दिनांक 30.04.2019 को बकाया तथा दिनांक 30.04.2019 तक का भावी ब्याज/शुल्क लगते हुए तथा इसके आगे का भावी एवं अन्य देय खर्चे अतिरिक्त) जो कि मैसर्स आनन्दिका रिसोर्स्ज़प्रा, प्रो. श्रीमती शारदा शर्मा पत्नी श्री शिवकुमार शर्मा– ऋणी व श्री शिव कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री राम प्रसाद शर्मा– ऋणी तथा जमानती से संबंधित है। उक्त खाते में ब्याउहिता मूल्य व बचेतर राशी निम्नलिखित है।

बैंक खाते में सुलतान की प्राप्ति और ई–नीलामी बेबसाइट में ऐसी जानकारी को अपलोड करने के बाद ही बोलीदाता को ज़ि–पिन ड्राइव्ह का क्रेडिट दिया जाएगा। बोकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को अपने हित में सलाह दी जाती है कि किसी भी अंतिम समय की समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि अंतिम रूप से जमा करें।

अचल व चल आस्तियों का विवरण	
लोट– (1) मैसर्स आनन्दिका रिसोर्स्ज़प्रा, प्रो. श्रीमती शारदा शर्मा पत्नी श्री शिव कुमार शर्मा के नाम भूखण्ड संख्या 01, खसरा संख्या 2777 / 136, ग्राम बैरा, तह. बनेड़ा, जिला– भीलवाड़ा (राज.) स्थित भूमि व निर्मित भवन, जिसका बंधकपत्र बैंक रिकार्ड के अनुसार 50 हिस्से में किसी सीमाएं निम्न है:– पूर्व में– बारां सरकारी भूमि, पश्चिम में– अजमेर राज्य राजमार्ग, उत्तर में– बारां सरकारी भूमि, दक्षिण में– मैसर्स अम्बिका केमिकल्स।	1. आरक्षित मूल्य व 2. धरोहर राशि
	1. रू. 369.00 लाख
	2. रू. 36.90 लाख
लोट–(02) मैसर्स आनन्दिका रिसोर्स्ज़प्रा, भूखण्ड संख्या 01, खसरा संख्या 2777 / 136, ग्राम बैरा, तह. बनेड़ा, जिला– भीलवाड़ा (राज.) में स्थित फ्लॉट, मशीनरी एवं स्टॉक।	1. रू. 34.00 लाख
	2. रू. 3.40 लाख

अन्य भार – अगर कोई, ज्ञात नहीं।

दिनांक व स्थान और शर्तों के बारे में जिए, कृपया नीचे दिए गए भारतीय स्टेट बैंक, सरवाड़ खसरा आस्ति समूही शाखा (एसएआरएमी) जयपुर (राज.), प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट अर्थात https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-others तथा https://ibapi.in/sale_info_home.aspx , https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp देखें।

दिनांक: 10.08.2022 स्थान: जयपुर (राज.) प्राधिकृत अधिकारी

राजस्थान आवासन मण्डल -जाहिर आम सूचना-
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1976)

क्रमांक अएई/गीत/2022-23/1324 दिनांक 10-08-2022

श्रीमती चौसी बाई पत्नि स्व.श्री भंवर लाल शर्मा को पंजीकरण योजना के आधार पर आवास संख्या 3-एम-16, चन्द्रशेखर आजाद नगर भीलवाड़ा का आवंटन कर आवंटन पत्र क्रमांक 2864 दिनांक 05.10.2006 के द्वारा जारी कर नियमानुसार बकाया राशि जमा उपरान्त दिनांक 24.11.2006 को आवास का भौतिक कब्जा सुपूर्द किया गया तथा मकान की समस्त राशि जमा होने के पश्चात पत्र क्रमांक 1133 दिनांक 03.08.2007 के द्वारा अदेय प्रमाण पत्र जारी किया गया।

श्रीमती चौसी बाई पत्नि स्व. श्री भंवर लाल शर्मा के पक्ष में कार्यालय पत्र क्रमांक 1700 दिनांक 18.09.2007 के माध्यम से आवास के पंजीयन हेतु पंजीयन प्रपत्र जारी किये गये। जिसे आवंटी ने दिनांक 29.09.2007 को उप पंजीयक कार्यालय भीलवाड़ा में पंजीयन कराया लिये थे।

इसके पश्चात् उक्त अवास जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.09.2007 को श्रीमती चौसी बाई शर्मा पत्नि स्व.श्री भंवर लाल शर्मा द्वारा श्रीमती मनभर देवी पत्नि श्री लादू लाल कुमावत को बेचान किया गया।

इसके पश्चात् उक्त आवास जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.08.2019 को श्रीमती मनभर कुमावत पत्नि श्री लादू लाल कुमावत द्वारा श्री टीकमचन्द जैन पुत्र श्री सुगनचन्द जैन को बेचान किया गया।

इसके पश्चात् उक्त आवास जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24.06.2022 को श्री टीकमचन्द जैन पुत्र श्री सुगनचन्द जैन द्वारा श्री फिंकेश पुरी पुत्र श्री महावीर पुरी गोस्वामी को बेचान किया गया।

अब अंतिम क्रेता श्री फिंकेश पुरी पुत्र श्री महावीर पुरी गोस्वामी द्वारा आवास दोहरा पंजीयन उपरान्त नामान्तरण हेतु निर्धारित प्रशासनिक शुल्क राशि जमा करवाकर मय चालान की प्रति, संबंधित विक्रय चैनल व अन्य प्रपत्र सहित प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया है जिसकी मण्डल रिकार्ड में इन्द्राज की कार्यवाही विचारधीन है।

अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की सार्वजनिक प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/ आपत्ति मय समुद्त पत्रों पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी तथा नामांतरण की अंतिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी

आवासीय अधिकारी-राजस्थान आवासन मण्डल, उपखण्ड भीलवाड़ा

भाई की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र
उल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

बालाजी मंदिर बालाजी मार्केट में स्थित श्री राम दरबार का रक्षाबंधन पर्व पर आकर्षक भव्य श्रृंगार।

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भाई-बहन के प्यार और स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन गुरूवार को शहर सहित जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनो ने अपने भाई के हाथो पर प्रेम का प्रतीक रक्षा सूत्र बांधा और भाई को मिठाई खिला कर उसकी समृद्धि की कामना की। वहीं भाईयों ने अपने बहनों को रक्षा का वचन देते हुए अपने सामर्थ्य अनुसार उपहार भेंट किये। गुरूवार को त्यौहार के चलते बाजारों में राखियो और मिठाई की दुकानों पर खासी भीड़ देखी गई। बहने अपने भाईयों के लिए तरह तरह की राखियां खरीदती नजर आई। रक्षा बंधन के दिन भद्रा को लेकर भी लोगो में असमंजस की स्थिति रही।

एक दूसरे से राखी बांधने का मुहर्त पूछते दिखे। रक्षाबंधन पर्व को लेकर अपनी मान्यताओ के बीच दो दिन रक्षासूत्र बांधे जाएंगे। गुरूवार को रक्षासूत्र बांधे जा रह है तो वहीं शुक्रवार को भी रक्षाबंधन मनाया जाएगा। भद्रा नक्षत्र की मान्यताओं को लेकर पंडितों के भी अलग अलग मत इस बार सामने आने के कारण लोगों में असमंजस बना रहा। एक ही स्थान पर रहने वाले अलग अलग लोग अलग अलग दिन रक्षाबंधन का पर्व मना रहे हैं। इस वर्ष 11 अगस्त को अपराह्न व्यपिनी पूर्णिमा में भद्राछेप व्याप्त रहा। इसी प्रकार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गांधीपुरी स्थित राजयोग केंद्र में गुरूवार को रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। सेवाकेन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी संगीता बहन ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि श्रावण मास के पवित्र महीने में मनाया जाने वाला भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन का त्योहार पूरे भारत वर्ष में उमंग और उत्साह से मनाया जाता है। राजयोग केंद्र पर पहुंचने वाले प्रत्येक साधक को ब्रह्माकुमारी संगीता बहन ने राखी बांध कर सौगात भेंट की। बहन ने सभी भाई बहनों को आत्म स्मृति का तिलक दिया। रक्षाबंधन के पर्व पर समता टीम भीलवाड़ा द्वारा काँवाखेड़ा में बंधुता सूत्र बांधकर समाज में भाईचारे और बंधुता के मूल्य को बढ़ाने की एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई। टीम लीडर देव रघुवंशी ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के अर्थों का और भी विस्तार करते हुए टीम द्वारा अलग-अलग समुदाय के लोगो के साथ मिलकर व एकदूसरे को राखी बांधकर यह त्योहार मनाया गया। इसमें विभिन्न जाति धर्म व समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को राखी बांधी व बंधुता के मूल्य तथा विविधता में एकता को बरकरार रखने का संकल्प लिया। राखी बांधने के पश्चात भाइयों ने बहन को संविधान की प्रस्तावना भेंट की। रक्षाबंधन पर राज्य सरकार ने रोडवेज की बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी।

महात्मा गाँधी चिकित्सालय में रोगियों को बांधा रक्षा सूत्र

भीलवाड़ा। महात्मा गांधी चिकित्सालय में रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारीज द्वारा रोगियों को परमात्म रक्षा सूत्र बांधकर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने तथा व्याधियों से मुक्त रहने की कामना की गई। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी अनिता बहन व ब्रह्माकुमारी रेखा बहन ने रक्षा सूत्र बांधा तथा आशा बहन ने आत्मिक स्मृति का तिलक दिया। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ अरुण गौड, डॉ मुरारी लाल जाटव एवं वॉर्ड इंचार्ज और नर्सिंग स्टाफ आदि उपस्थित रहे । इसके साथ ही सभी चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को भी परमात्म रक्षा सूत्र बांधकर आत्मिक स्मृति का तिलक दिया गया । तथा कोरोना वारियर्स की रक्षा हेतु परमात्मा दुआ की गई।

पार्षद पुरी ने तैयार की अनोखी राखी

भीलवाड़ा। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर पार्षद रेखा पुरी ने घर पर 1.5 फिट गुणा1.5 फिट की आयताकार तिरंगा राखी 30 फिट लम्बे तिरंगा कलर के रक्षा सूत्र के साथ तैयार की और यह राखी घर पर स्वदेशी वस्तुओ से तैयार की है। पार्षद रेखा पुरी ने ये राखी सैनिको को समर्पित की।

पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर ली शपथ

संकल्प पर्यावरण संस्थान द्वारा रक्षाबंधन के पर्व पर पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा की शपथ ली गई। संस्थान के अध्यक्ष दीपक सुवालका ने बताया कि वर्तमान पर्यावरण की स्थिति को देखते हुए हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और उन वृक्षों को सुरक्षित फलने फूलने तक ध्यान देने की बेहद जरूरत है। इस उद्देश से रक्षाबंधन के पर्व पर संस्थान के सदस्यों व उनके परिवारों के साथ किशनावती की खेड़ी स्थित मोक्षधाम में वृक्षारोपण किया गया तथा उन वृक्षों को राखी बांधकर उनकी रक्षा की शपथ ली।

विद्यार्थी परिषद ने मनाया रक्षाबंधन उत्सव

भीलवाड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई आसीन्द ने नगर मंत्री चन्द्र प्रकाश खटीक के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन को रक्षासूत्र बांध कर रक्षाबंधन उत्सव मनाया। पुलिस थाना आसीन्द में कार्यरत समस्त पुलिस कर्मियों को रक्षासूत्र बांधा व सभी का मुंह मीठा करवाया। छात्रसंघ अध्यक्ष कमलेश गुर्जर, अमरचंद खटीक, दिपक शर्मा, ओमप्रकाश खटीक,विमला गुर्जर, उमा खटीक, खुशबू खटीक, पूजा खटीक, निशा खटीक, चंचल खटीक सभी मौजूद थे।

देश के जवानों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया

भीलवाड़ा। देश की रक्षा में लगे जवानों को पहल गांव में लायंस क्लब रॉयल की सचिव डॉ. अनिता आर्य एवं जोली शर्मा ने राखी बांधी। आर्य ने बताया की सैनिक अपने घरो से बाहर रहकर सर्दी गर्मी बारिश में हमारी एवं हमारे देश की सुरक्षा करते है। देश सेवा में लगे जवानों को अपने घर जाकर अपनी बहनों से राखी बंधवाने का अवसर नहीं मिल पाता है इसलिए क्लब की ओर से पहल गांव में सीआरपीएफ बटालियन बेस कैंप में सभी जवानों एवं उच्च अधिकारियों को भी रक्षा सूत्र बांधा गया। जवान इतने खुश हुए कि उनकी आंखों में आंसू आ गए एवं अपने अपने घर पर रक्षा सूत्र बांधते हुए का वीडियो कॉल करके अपने परिवार वालों को बताया।

संतों की अगुवाई में 108 मीटर लम्बी तिरंगा यात्रा कल

भीलवाड़ा। आज़ादी का अमृत महोत्सव में सनातन सेवा समिति के तत्वावधान में संत महात्माओं की अगुवाई में 13 अगस्त शनिवार को प्रातः 9 बजे तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। इसमें 108 मीटर लम्बे तिरंगे की यात्रा के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी। सनातन सेवा समिति के सनातन सेवा समिति के सचिव महेश नवलहा ने बताया की संतों के नेतृत्व में 108 मीटर के लंबे तिरंगे को लेकर यह यात्रा हरिश्चेवा उदासीन आश्रम से रवाना होकर हरिश्चेवा सर्कल, श्री गेस्ट हाउस, रामस्नेही चिकित्सालय होते हुए हरिकाशीश मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, बड़ा मंदिर, बावड़ी के बालाजी, नेताजी सुभाष मार्केट से गोल प्याऊ रोशहा, अम्बेडकर सर्कल, झूलेलाल चैक, प्रताप टाकीज वीर सावरकर चैक से होते हुए पुनः हरिश्चेवा आश्रम पहुँचकर विश्राम लेगी।

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर विश्व शांति की कामना को लेकर हवन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के तहत श्री रामायण रामायण मंडल ट्रस्ट की ओर से हमीरगढ़ रोड स्थित रामधाम में विश्व शांति की कामना को लेकर हवन किया गया। इस दौरान भगवान राम-रामेश्वरम की प्रतिमा को राखियों से सजाया गया। पांच विद्वान पंडितों के मंत्रोचार के बीच हुए हवन में भक्त ने आहुति देकर विश्व शांति की कामना के साथ ही इन दिनों गायों में फैल रहे सं मण को रोकने की भी कामना की गई। मुख्य यजमान शिवनारायण अग्रवाल व मंत्री अभिषेक अग्रवाल थे। श्रावण मास के अंतिम दिन रामधाम के शिवालय में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। सुभाष बिड़ला, सुधांशु बिरला, राजेश्री बिरला की ओर से अभिषेक हुआ। सभी को नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर चातुर्मासरत संत रामेश्वरांद सरस्वती ने रक्षाबंधन का महत्व बताते हुए कहा कि यह भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। संत श्री ने कहा कि यह रक्षाबंधन का उत्सव पूर्व में रातसूरी के दुर्व्यवहार

को लेकर भगवान विष्णु ने रक्षा करते हुए भगवान के राखी बांधने का अवसर आया। कार्य म के दौरान कबूतरों को दाना खिलाकर पानी पिलाया गया। गौशाला में गायों को लापसी खिलाई गई। इस मौके पर निर्धन लोगों को अन्य क्षेत्र से अनाज वितरित किया गया। पूर्णिमा के अवसर पर पूजा विवाह के सभी मानसिंहका परिवार की ओर से यह कार्य म हुआ। सभी को रक्षा सूत्र बांधे गए। राकेश हिंडल, सुभाष बिड़ला, शिव जोशी, संजीव गुप्ता आदि मौजूद थे।

बेरां गांव में तिरंगा रैली निकाली घर-घर लगाए तिरंगा

बनेड़ा। उपखंड मुख्यालय क्षेत्र के बेरां गांव में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत घर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गुरूवार को पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सरपंच प्रतिनिधि सुवालाल गुर्जर ने बताया कि तिरंगा यात्रा वाहन रैली में युवा एवं बुजुर्गों में काफी उत्साह देखा गया। वाहन रैली जसवंतपुरा से निकाली गई जो घर घर तिरंगा लगाते हुए बेरां के दीनदयाल नगर, छागो का खेड़ा, इंदिरा कॉलोनी बागड़ी खेड़ा होते हुए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पहुंची वहां से प्रत्येक गली मौहल्ले में कार्यकर्ताओं ने घर घर तिरंगा लगा हुआ का संदेश देते हुए देश भक्ति गीतों से लोगों को प्रेरित कर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया।

रोड लाइट सही कराने की मांग

बनेड़ा। भीलवाड़ा मार्ग पर बड़ा बाग घाटी के पास कंचन गेट के निकट रोड लाइटें खराब हो जाने के कारण अंधेरा रहता है जिससे आने जाने वाले नागरिको तथा वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के नागरिकों ने ग्राम पंचायत प्रशासन से रोड लाइटें ठीक है कराने की मांग की है।

स्काउट सिखाता है देश भक्ति का पाठ - श्रीवास्तव

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में 05 से 09 अगस्त तक आयोजित राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। चन्द्र शंकर श्रीवास्तव सी ओ स्काउट ने शिविर के अंतर्गत स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड संगठन के माध्यम से बालक बालिकाओं में आत्मविश्वास, स्वावलंबन, अनुशासन, साहस , नेतृत्व, आपसी सहयोग, कौशल विकास जैसे गुणों का विकास करने के साथ साथ समाज सेवा व देश भक्ति की भावना जागृत करता है। इस अवसर पर स्थानीय संघ चित्तौड़गढ़ से महेश नुवाल, देवकीनंदन वैष्णव, पंकज दशोरा आदि उपस्थित थे।

तिरंगा यात्रा पहुंची शाहपुरा, जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल शाहपुरा द्वारा अध्यक्ष नगर पालिका शाहपुरा रघुनंदन सोनी,व नगर अध्यक्ष राजेश पारीक के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी के 75 वर्ष में मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा यात्रा महलो के चौक में पहुंचने पर जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली, जिला प्रमुख बरजी भील व तिरंगा यात्रा के साथ आए सभी कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर, केसरिया दुपट्टा पहनाकर शानदार स्वागत किया। तिरंगा यात्रा महलों के चौक से रवाना हुई बाजारो में जगह जगह पुष्प वर्षा की ढोल बज रहे थे। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओ ने जोश खरोश से भारत माता की जय, वंदे मातरम, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद सभी कार्यकर्ता पदाधिकारि हाथों में तिरंगा लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे। और त्रिमूर्ति चौराया पर बाहरठ परिवार की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। तिरंगा यात्रा निकालकर क्षेत्र के लोगों को घर-घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। इस दौरान पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि राधेश्याम जीनगर, पूर्व चेयरमैन कन्हैया लाल धाकड़, नगर उपाध्यक्ष लादूराम खटीक, नगर महामंत्री खुशीराम आचार्य, मोहन लाल रेगर, नगर मंत्री पवन शर्मा, गोविंद प्रजापत, केशव सिंह, राजेंद्र बोहरा, जिला मंत्री तारा चाष्टा, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा चंचल बेली, पार्षद भगवती प्रसाद शर्मा, राजेश सोलंकी, स्वराज सिंह, राजेश खटीक, मोहन गुर्जर, दुर्गा लाल कहार, भवर लाल कहार, लाला राम नायक, देबी लाल रेगर, अशोक छिपा, कमलेश धाकड़, पुष्पेंद्र कोली, मुकेश प्रजापत, मोर्चा अध्यक्ष सुरेश गुर्जर, लादू लाल भील, देव किशन प्रजापत, पीरू मोहम्मद देशवाली, राजेंद्र जांगिड़, कमल सोनी, जितेंद्र सेन, युवराज सिंह, प्रवीण सुखवाल, भाजपा जिला महामंत्री बाबूलाल टाक, अनमोल पाराशर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति खंडेलवाल, दीपक पाराशर, लोकेश खंडेलवाल सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

क्राइम न्यूज

बिजली गिरने से भैंस की मौत

भीलवाड़ा। भोली पंचायत क्षेत्र के सालरिया गांव में बरसात के दौरान तेज धमाके के साथ बिजली गिरी। हादसे में मदन वैष्णव के घर के पीछे नोहरे में नीम के पेड़ से बंधी एक भैंस की मौत हो गई। गनीमत रही बिजली गिरने के दौरान घर पर कोई नहीं था अन्य मवेशी भी थोड़ी दूरी पर बंधे थे।अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।ग्रामीणों ने बताया की बिजली का धमाका इतना तेज था की आसपास के घरों में बैठे लोग दहशत में आ गए थे।

महिला के साथ रेप कर की मारपीट

भीलवाड़ा। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ रेप और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी। कोतवाल मुकेश वर्मा ने बताया कि एक महिला ने राजेंद्र सांसी नामक व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दी। महिला ने रिपोर्ट में कहा कि उसकी राजेंद्र से जान-पहचान थी। दो साल पहले राजेंद्र ने उसके साथ इच्छा के विरुद्ध रेप किया। वहीं महिला ने आरोप लगाया कि आरोपित राजेंद्र ने कल उसके साथ हरणी महादेव में मारपीट कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

कार-बाइक की भिड़ंत में बुजुर्ग महिला की मौत

भीलवाड़ा। जिले के रायपुर थाना सर्किल में कार-बाइक की भिड़ंत में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रायपुर में प्राथमिक उपचार के बाद महात्मा गांधी अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि महिला अपने पौहर में भाई को राखी बांधकर लौट रही थी। रायपुर थाने के दीवान महेंद्र सिंह ने बताया कि मानपुरा निवासी नैनी देवी 75फ्फ्ी मोतीलाल सुथार गुरुवार को पीहर में राखी बांधने गई थी। नैनी, अपने भतीजे देवरिया निवासी नारायण 50 पुत्र हजारी सुथार के साथ बाइक से आटाबाज़ा जा रही थी। इस दौरान आटाबाज़ा चौराहा पर कोशिश्वर की ओर से आई एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बुआ-भतीजा घायल हो गये। दोनों को रायपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां नैनी को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि नारायण को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने नैनी देवी का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

होटल पर खाना खाने गये युवक पर सरिये से हमला

भीलवाड़ा। गंगापुर थाना इलाके में बीती रात होटल पर खाना खाने गये युवक पर लेन-देन के चलते आधा दर्जन युवकों ने सरिये से हमला कर दिया, जबकि युवक के दोस्त को भी आरोपितों ने पीट दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी। गंगापुर पुलिस ने बताया कि राजू खारोल बीती रात अपने दोस्त राहुल खारोल के साथ बीता रात हाइवे पर स्थित एक होटल पर खाना खाने गया। जहां प्रकाश गुर्जर व गोविंद वैष्णव सहित आधा दर्जन लोग होटल पर मौजूद लोगों से बहस कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि राजू खारोल ने पूर्व में गोविंद वैष्णव को कोई बाइक बेची थी, इसके रुपये बकाया थे। इस बात को लेकर दोनों के बीच होटल पर कहासुनी हो गई। इसे लेकर गोविंद व उसके साथियों ने राजू के सिर पर लोहे के सरिये से वार कर दिया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं राजू के दोस्त राहुल के साथ भी आरोपितों ने मारपीट की। घायल राजू का प्राथमिक उपचार करवाने के बाद आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर लिया।

बीगोद में ठेले वाले झगड़े

भीलवाड़ा। जिले के बीगोद कस्बे में में ठेले वाले झगड़ गये।इससे वहां भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया। बाद में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर परस्पर केस दर्ज कर लिया।

खेतों से बोरिंग की मोटरें चुराई

भीलवाड़ा। जिले के बनेड़ा थाना सर्किल के उपरेड़ा ग्राम के पास बीती रात्रि को अज्ञात चोरो ने खेतों को निशाना बनाते हुए कुएं तथा बोरिंग की मोटरें चुरा ली। दरअसल, उपरेड़ा गांव निवासी गोविंद पुत्र काना तेली के खेत पर स्थित कुएं तथा बोरवैल से तीन एच पी की दो मोटरे तथा चार सौ फीट केबल एवं मुल चंद पुत्र हजारी बैरवा के कुए से श्री एचपी की मोटर व 80 फीट केबल चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है।

बेकाबू कार पलटी, एक महिला की मौत, 6 घायल

भीलवाड़ा। अजमेर हाईवे पर बेरा चौराहे के निकट गाय को बचाने के प्रयास में बेकाबू कार डिवाइडर से कूदकर पु